भारतीय किसानों को मिलेगी वैश्विक तकनीक

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की ब्राज़ील यात्रा

नई दिल्ली, 20 अप्रैल. केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान अपनी ब्राज़ील यात्रा से 21 अप्रैल, सोमवार को सुबह लौट रहे है. शिवराज सिंह की ब्राज़ील यात्रा कई मायनों में महत्वपूर्ण रही.

15वीं ब्रिक्स कृषि मंत्रियों की बैठक में, केंद्रीय मंत्रीशिवराज सिंह के नेतृत्व में भारतीय प्रतिनिधिमंडल की भागीदारी के साथ-साथ यह दौरा भारत और ब्राजील के बीच कृषि व्यापार, तकनीक और नवाचार को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है. ब्राजील प्रवास के दौरान, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह का भारत में सोया उत्पादन और निर्यात को बढ़ावा देने पर जोर रहा, वहीं शिवराज सिंह की मंशा भारतीय किसानों को वैश्विक स्तर की तकनीक का लाभ दिलाने के साथ उन्नत करने की है. शिवराज सिंह का कहना है कि विभिन्न देशों के संयुक्त प्रयासों से वैश्विक खाद्य सुरक्षा को मजबूती मिलेगी.

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने ब्राजील यात्रा के दौरान भी मुख्य रूप से भारत के छोटे किसानों की चिंता की. उनका कहना रहा कि जब तक छोटे किसानों को संरक्षित और सशक्त नहीं किया जाएगा, तब तक वैश्विक खाद्य सुरक्षा का लक्ष्य अधूरा रहेगा. चौहान ने कहा कि भारत समावेशी, न्यायसंगत और टिकाऊ कृषि के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है. भारत ने सभी देशों के साथ विश्वास और सहयोग का संदेश दिया.

कुल मिलाकर, शिवराज सिंह चौहान की ब्राजील यात्रा सिर्फ कूटनीतिक नहीं, बल्कि भारतीय कृषि के लिए तकनीकी नवाचार, उत्पादन बढ़ोतरी और वैश्विक साझेदारी की दिशा में ठोस पहल है, जिससे किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिल सकता है.

शिवराज सिंह ने की द्विपक्षीय बैठकें

शिवराज सिंह चौहान ने ब्राजील के कृषि एवं पशुधन मंत्री कार्लोस हेनरिक बैकेटा फेवरो और कृषि विकास एवं पारिवारिक कृषि मंत्री लुईज पाउलो टेक्सेरा के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी की. इन बैठकों में कृषि, कृषि-प्रौद्योगिकी, ग्रामीण विकास और खाद्य सुरक्षा के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई, वहीं उन्होंने साओ पाउलो में ब्राजील के कृषि व्यवसाय समुदाय के 27 सदस्यों से मुलाकात की. इस दौरान कृषि व्यापार, उत्पादन तकनीक, खाद्य प्रसंस्करण, जैव ईंधन, तकनीकी नवाचार और आपूर्ति श्रृंखला एकीकरण पर सहयोग की संभावनाओं पर विचार-विमर्श हुआ.

तकनीकी नवाचार और आपूर्ति श्रृंखला

बैठकों में बायोफ्यूल, बायोएनर्जी, सप्लाई चेन एकीकरण और कृषि मशीनरी के क्षेत्र में सहयोग पर चर्चा हुई है, जिससे भारतीय किसानों को वैश्विक स्तर की तकनीक मिल सकेगी. दोनों देशों के संयुक्त प्रयासों से वैश्विक खाद्य सुरक्षा को भी मजबूती मिलेगी, क्योंकि ब्राजील ने 50 वर्षों में कृषि निर्यात में जबरदस्त वृद्धि की है, जो भारत के लिए भी प्रेरणादायक

बड़े स्टूडियो की जरूरत नहीं : वैष्णव

- झारखंड-केरल से भी बन सकता है हिट कंटेंट
- 1 लाख से अधिक रजिस्ट्रेशन हुए वेव्स के लिए
- 750 से ज्यादा रचनाकार पेश करेंगे अपने काम

नई दिल्ली, 20 अप्रैल. केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रचनाकारों की दुनिया और उनकी अर्थव्यवस्था एक मौलिक परिवर्तन के दौर से गुजर रही है. वेव्स बड़े पैमाने पर रचनात्मक समाधानों के लिए रचनाकारों, खरीदारों और बाजारों के बीच वैश्विक कनेक्टर के रूप में उभर रहा है. इसके जरिये खरीदारों और विक्रेताओं को एक मंच मिल रहा है, जहां रचनाकार अपनी रचनाएं पेश कर सकते हैं और कंपनियां गुणवत्तापूर्ण रचनात्मक कार्य हासिल कर सकती हैं.

वैष्णव ने मुंबई में 1 से 4 मई तक होने वाले पहले विश्व दृश्य-श्रव्य एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) से पहले समाचार मीडिया संगठनों के साथ विचार-विमर्श किया. इसमें राष्ट्रीय और क्षेत्रीय समाचार मीडिया के करीब 20 मीडिया घरानों ने हिस्सा लिया. उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी के आने के साथ पुराना मॉडल नए मॉडल के लिए मार्ग प्रशस्त कर रहा है.

इससे अवसरों के साथ-साथ चुनौतियां भी पैदा हो रही हैं. मीडिया जगत का स्वरूप बदल रहा है और नए मॉडल के लिए प्रतिक्रिया देने के लिए पूरे देश की सामूहिक आवश्यकता है. उन्होंने एक उदाहरण देते हुए कहा कि वे दिन गए जब कंटेंट बनाने के लिए बड़े स्टूडियो की आवश्यकता होती थी.

वेव्स के लिए हुए एक लाख से अधिक पंजीकरण

वैष्णव ने कहा कि वेव्स के लिए एक लाख से अधिक पंजीकरण हुए हैं. इससे भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था को भारी प्रोत्साहन मिला है. इसमें 750 शीर्ष स्तरीय रचनाकार अपने कार्य का प्रदर्शन करेंगे. शीर्ष नवप्रवर्तकों को पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा, जो विकसित वैश्विक मीडिया और मनोरंजन परिदृश्य में उनके योगदान का उत्सव मनाएंगे. उन्होंने कहा कि हम दुनिया को अपने रचनाकारों से जोड़ने का एक माध्यम खोज रहे हैं.

भारतीय वायुसेना ने रांची में किया एयर शो का प्रदर्शन

रांची. रांची के नामकुम स्थित खोजाटोली आर्मी ग्राउंड में देश की शान सूर्य किरण एरोबेटिक टीम ने दूसरे दिन आसमान में करतब दिखाया. आसमान में पांच मीटर से भी कम दूरी रखते हुए पायलट ने अलग-अलग कलाकृतियां बनाईं और लोगों में जोश भर दिया.

खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 प्रचार शुरू

गया, 20 अप्रैल (वार्ता) खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के प्रचार अभियान के तहत जिला अतिथि गृह से बिहार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर गया एवं बोधगया के क्षेत्रों में प्रचार के लिए रवाना किया. इस अवसर पर मगध प्रमंडल की आयुक्त डॉ. सफीना ए.एन. और गया के जिला पदाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम भी उपस्थित थे.यह अभियान खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के सफल आयोजन एवं व्यापक जनजागरण के लिए किया जा रहा है. जिसका आयोजन बिहार के पटना, राजगीर, गया, भागलपुर और बेगूसराय जिलों में 04 से 15 मई 2025 तक किया जाएगा.

तूफान-बारिश पर योगी सख्त एक्शन में

अधिकारियों को दिए तत्काल राहत के निर्देश

प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य तेज करने का आदेश

लखनऊ, 20 अप्रैल. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को संबंधित जिलों के अधिकारियों को राज्य के विभिन्न हिस्सों में रिपोर्ट किए गए तूफान, बारिश, ओलावृष्टि और बिजली गिरने की घटनाओं के जवाब में पूरी तत्परता के साथ राहत कार्य करने का निर्देश दिया.

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने, सर्वेक्षण करने और जमीनी स्तर पर राहत कार्यों की निगरानी करने का निर्देश दिया और आपदा के कारण किसी भी तरह की जान या पशु हानि के मामले में राहत राशि का तत्काल वितरण करने की आवश्यकता पर बल दिया.

सीएम योगी ने आगे कहा कि घायलों को बिना देरी के उचित उपचार दिया जाना चाहिए.

गोरखनाथ मंदिर में योगी ने किया रुद्राभिषेक



गोरखपुर. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक कर भगवान भोलेनाथ से प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि और चराचर जगत के कल्याण की प्रार्थना की. गोरखनाथ मंदिर स्थित पीठाधीश्वर आवास के प्रथम तल पर शक्तिपीठ में योगी ने देवाधिदेव महादेव को विल्व पत्र, अर्पित करने कर बाद फलों के रस से रुद्राभिषेक किया.

नेताजी सुभाष बोस को श्रद्धांजलि

नयी दिल्ली, 20 अप्रैल (वार्ता) राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती के अवसर पर आईएनए ट्रस्ट की ओर से रविवार को मोइरंग दिवस को श्रद्धापूर्वक एवं गरिमापूर्ण ढंग से मनाया गया.

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री टोकन साहू थे. इस अवसर पर दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री रवीन्द्र इंद्राज सिंह और शोभित विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. कुंवर शेखर विजेंद्र विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे.

इसके अलावा, आईएनए ट्रस्ट के अध्यक्ष ब्रिगेडियर आर.एस. छिकारा, न्यासी दिनेश सिंह, डॉ. निधि कुमार और रणनीतिक सलाहकार मंदीप मुखर्जी की भी गरिमामयी उपस्थिति रही. सुप्रसिद्ध नृत्यांगना एवं राज्य सभा सदस्य सोनल मान सिंह सांस्कृतिक संरक्षक के रूप में कार्यक्रम से प्रतीकात्मक रूप से जुड़ी रहीं. समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन और वंदे मातरम् की प्रस्तुति के साथ हुई. इसके उपरांत आयोजित 19वें आईएनए स्मृति व्याख्यान में श्री सिंह ने नेताजी के संघर्ष को सामाजिक न्याय और आत्मसम्मान का प्रतीक बताया.

कार्यालय नगर पालिका परिषद् सेंधवा, जिला बड़वानी

क्र./ई टेंडर/1229, 1230, 1234/लोक निर्माण/2025 सेंधवा, दिनांक 17.04.2025

-: द्वितीय ई निविदा आमंत्रण सूचना :-

एतद् द्वारा समस्त समक्ष श्रेणी पंजीकृत ठेकेदार/फर्म को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका सेंधवा की वित्तीय वर्ष 2025-26 की आवश्यकताओं हेतु निम्नलिखित कार्य/सामग्री/सेवाओं की निविदा ऑनलाईन ई-प्रोक्यूरमेंट पोर्टल www.mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

ई-टेंडर आईडी क्रमांक	कार्य का विवरण	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं एवं अमानत राशि रु.	निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय
2025_UAD_417732_1	नगर सेंधवा के रालावति बांध हेतु 125 केवीए क्षमता के 02 नग जनरेटर मय संचालन सहित किराये से उपलब्ध कराए जाने हेतु	2,000/- 10,000/-	30.04.2025 5.30 PM
2025_UAD_417732_2	मोटर रिवाइंडिंग, ट्यूबवेल से मोटर निकालना एवं डालना, ट्यूबवेल में फंसी/गिरी हुई मोटर निकालने का कार्य करवाया जाने का कार्य	2,000/- 10,000/-	30.04.2025 5.30 PM.
2025_UAD_417732_3	ग्रीष्म ऋतु में पेयजल संकट को दृष्टिगत रखते हुए नगर पालिका सेंधवा के विभिन्न स्थानों पर 8 इंच डाया मय 60 इंच केसिंग के ट्यूबवे का खनन कार्य।	2,000/- 10,000/-	30.04.2025 5.30 PM

नोट:- उपरोक्त कार्य के Ammendment केवल वेबसाइट पर ही Corrigendum/Addendum details अंतर्गत प्रकाशित किये जाएंगे। अन्य विवरण उपरोक्त पोर्टल पर अथवा कार्यालय में कार्यालयीन समय पर देखे जा सकते हैं।

(मधु चौधरी) मुख्य नपा अधिकारी नगर पालिका सेंधवा म.प्र. | (गणेश राठौड़) सभापति जलप्रदाय समिति नगर पालिका सेंधवा म.प्र. | (मोहन जोशी) उपाध्यक्ष नगर पालिका सेंधवा म.प्र. | (श्रीमती बसंतीबाई यादव) अध्यक्ष नगर पालिका सेंधवा म.प्र.

TATA

टाटा कैपिटल हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : 11 वीं मंजिल, टॉवर ए, पेनीनसुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग लोवर परेल, मुम्बई-400013.
शाखा कार्यालय : 9/1/1, सूरज भवन, दूसरी मंजिल, येस बैंक के ऊपर, एम.जी. रोड़, इन्दौर-452001

अचल संपत्ति की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

(सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के तहत)

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु 30 दिवसीय ई-नीलामी सूचना

एतद्द्वारा सर्व सामान्य और विशेषकर अधोलिखित कर्जदार और/सह-कर्जदार या उनके कानूनी उत्तराधिकारियों/प्रतिनिधियों (कर्जदारों) को सूचित किया जाता है कि टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लि. (टीसीएचएफएल), को बंधक अधोलिखित अचल संपत्ति जिसका टीसीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जा लिया गया, अधोलिखित कर्जदार और सह-कर्जदार से कुल बकाया राशि की वसूली के लिए **'जो है जहाँ है' और 'जहाँ है, जैसा भी है' और 'जो भी हैं'** आधार पर दिनांक **22-05-2025** को बिक्री की जायेंगी। आरक्षित मूल्य और धरोहर राशि जमा निम्न वर्णित हैं। एतद्वारा सूचित किया जाता है कि बिक्री के किसी स्थगन / बाधा के अभाव में उक्त संपत्ति ई-नीलामी के माध्यम से दिनांक **22-05-2025** को दोपहर **2:00** बजे बिक्री की जायेगी। संपत्ति खरीद के लिए मुहरबंद ई-नीलामी हेतु ईएमडी राशि का डिमांड डाफ्ट टीसीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा दिनांक **21-05-2025** को समय सायं **5.00** बजे तक शाखा कार्यालय : **टाटा कैपिटल हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड, 9/1/1,** सूरज भवन, द्वितीय तल, यस बैंक के ऊपर, एम. जी. रोड़, इंदौर-452001 पर जमा किया जाना चाहिए। प्रत्याभूत संपत्ति/अचल संपत्ति की बिक्री 'जैसी है जहाँ है शर्त' निम्न अनुसूची में उल्लिखित संक्षेप विवरणों के अनुसार होगी।

क्रं	ऋण खाता क्रं.	ऋणी(यों)/सह-ऋणी(यों)/कानूनी वारिस(सों)/जमानतदा(रों) के नाम	मांग सूचना के अनुसार राशि एवं मांग सूचना दिनांक	आरक्षित मूल्य	अग्रिम जमा राशि	कब्जे का प्रकार	दिनांक 24-03-2025 तक बकाया
1	TCHHL0284000100305203 & TCHIN0284000100306332	श्री अंकित जाट श्री राहुल जाट	रू. 17,19,072 (रूपये सत्रह लाख उन्नीस हजार बहोत्तर मात्र) की राशि अनुबंध क्रमांक TCHHL0284000100305203 के अंतर्गत आपके द्वारा बकाया एवं देय है एवं रू. 53,819/- (रूपये तिरेपन हजार आठ सौ उन्नीस मात्र) की राशि अनुबंध क्रमांक TCHIN0284000100306332 के अंतर्गत आपके द्वारा बकाया एवं देय है एवं कुल रू. 17,72,891/- (रूपये सत्रह लाख बहोत्तर हजार आठ सौ ईक्यान्वे मात्र) एवं 20-12-2024	Rs. 39,38,000/- (रूपये उनचालीस लाख अड़तीस हजार मात्र)	Rs. 3,93,800/- (रूपये तीन लाख तिरान्वे हजार आठ सौ मात्र)	भौतिक	रू. 17,41,294/- (रू. सत्रह लाख ईकतालिस हजार दो सौ चौरान्वे मात्र) की राशि अनुबंध क्रमांक TCHHL0284000100305203 के अंतर्गत आपके द्वारा बकाया एवं देय है एवं रू. 55,837/- (रूपये पचपन हजार आठ सौ सैंतीस मात्र) की राशि अनुबंध क्रमांक TCHIN0284000100306332 के अंतर्गत आपके द्वारा बकाया एवं देय है एवं कुल रू. 17,97,131/- (रूपये सत्रह लाख सत्तान्वे हजार एक सौ ईकत्तीस मात्र) एवं 14-04-2025

अचल संपत्ति का विवरण: संपत्ति के समस्त भाग एवं अंश, प्लॉट नं. 28, सिमरोल टाउनशिप तहसील महू जिला इंदौर (म.प्र.) क्षेत्रफल 1100 वर्ग फीट अर्थात (102.23 वर्ग मीटर), **चतुंसीमा** :- पूर्व :- रोड, पश्चिम:- प्लॉट नं. 11, उत्तर:- प्लॉट नं. 27, दक्षिण:- प्लॉट नं. 29

नीलामी में, आम जनता को व्यक्तिगत रूप से अपनी बोली प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। हालाँकि, इस बिक्री के संबंध में कोई भी कर्तव्य निभाने वाला कोई भी अधिकारी या अन्य व्यक्ति, बेची गई अचल संपत्ति में कोई भी हित प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से बोली नहीं लगाएगा, प्राप्त नहीं करेगा या प्राप्त करने का प्रयास नहीं करेगा।

बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 में निर्धारित शर्तों और निम्नलिखित अतिरिक्त शर्तों के अधीन होगी:

कृपया ध्यान दें: ई-नीलामी पोर्टल http://bankauctions.in/ के माध्यम से दिनांक 22-05-2025 को दोपहर 2.00 बजे से 3.00 बजे के बीच प्रत्येक 5 मिनट अवधि के असीमित विस्तार के साथ होगी।

नियम और शर्ते : 1. अनुसूची में दिया विवरण अधोहस्ताक्षरी के पूर्ण ज्ञान व जानकारी में दिया गया है, किंतु इस उदघोषणा अधोहस्ताक्षरी किसी त्रुटी, गलती या चूक के लिए अधोहस्ताक्षरी जवाबदेय नहीं होगा। बोली राशि या निविदाकार संबंधी किसी विवाद की स्थिति में अचल संपत्ति को दुबारा नीलामी के लिए रखा जायेगा। **2.** संपत्ति आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेची जायेगी। **3.** बोली वृद्धि राशि: **रु.10,000/- (दस हजार मात्र) 4.** संपत्ति की खरीद के लिए सभी निविदाएँ **'टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड'** के पक्ष में और उपरोक्त शाखाओं में देय डिमांड डाफ्ट के साथ जमा की जाएं। असफल निविदाकारों के डिमांड ड्राफ्ट वापस कर दिए जायेंगे। **आरटीजीएस/ एनईएफटी/ आईएमपीएस के माध्यम से ईएमडी** के भुगतान के लिए प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें। **5.** उच्चतम बोलीकारी को संबंधित लॉट का खरीदार घोषित किया जायेगा, बशर्ते वह विधिक रूप से बोली लगाने के लिए योग्य हो और उसकी बोली राशि आरक्षित मूल्य से कम न हो। 'प्राधिकृत अधिकारी' को अपने विवेक से उच्चतम बोली को अस्वीकार करने का अधिकार होगा जब उसे लगे कि पेशकश मूल्य स्पष्ट रूप से अपर्याप्त है। **6.** उपलब्ध कारणों से 'प्राधिकृत अधिकारी ' को अपने विवेक से बिक्री को स्थगित / रोकने का अधिकार होगा। **7.** संपत्ति की निरीक्षण दिनांक **14-05-2025** को **सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे** तक किया जा सकेगा। **8.** खरीददार घोषित व्यक्ति को ऐसी घोषणा के तुरंत बाद क्रय राशि की पच्चीस प्रतिशत राशि जिसमें ईएमडी राशि शामिल होगी प्राधिकृत अधिकारी के पास 24 घंटे के अंदर जमा करनी होगी, यह राशि जमा न किए जाने की स्थिति में संपत्ति नई नीलामी/निजी संधि द्वारा बिक्री के लिए रखी जायेगी। **9.** उपरोक्त अनुसार प्रारंभिक राशि जमा कर दिए जाने पर क्रय राशि की शेष राशि संपत्ति की बिक्री की पुष्टि होने की तारीख से 15 दिनों तक खरीदार द्वारा 'प्राधिकृत अधिकारी को जमा करनी होगी, यदि 15वें दिन कोई रविवार या अन्य अवकाश होता है तो 15वें दिन के बाद प्रथम कार्य दिवस को जमा करनी होगी। **10.** उपरोक्तानुसार भुगतान न होने पर संपत्ति नई नीलामी / निजी संधि द्वारा बिक्री के लिए रखी जायेगी। सभी जमा राशि टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पास जब्त हो जायेगी और चूककर्ता खरीदारें संपत्ति पर अपने सभी दावे खो देगा। **11.** टाटा कैपिटल हाउसिंग फाईनेंस लि. को ज्ञात ऋणभारों जिनके लिए संपत्ति देनदार है का विवरण-कोई नहीं, दावे, यदि कोई हों, जो संपत्ति के लिए प्रस्तुत किए गए हों और इसकी प्रकृति और मूल्य से संबंधित कोई अन्य ज्ञात विवरण: उपरोक्त तालिका के अनुसार। उपरोक्त अनुसूची के विवरण अनुसार इच्छुक बोलीदाता को सलाह दी जाती है कि वहां के संपत्ति कर, बिजली आदि के सांविधिक देनदारियों क्षेत्रों सहित संपत्ति पर ऋण भार के बारे में स्वयं जांच करें। **12. अन्य किसी विवरण अथवा संभावी निविदाकार को ई-नीलामी पर प्रक्रिया आनलाईन प्रशिक्षण के लिए हमारे ई-नीलामी सेवा प्रदाता मेसर्स 4क्लोजर, ब्लॉक नं. 605 ए, छटी मंजिल मैत्रीवनम कमर्शियल कॉम्पलेक्स, अमीरपेट, हैदराबाद-500038 ईमेल आईडी: info@bankauctions.in या मनीष बंसल, ईमेल आईडी Manish.Bansal@tatacapital.com अधिकृत अधिकारी मोबाइल नंबर 8588983696 से संपर्क कर सकते हैं। कृपया अपने प्रश्न व्हाट्सएप नंबर 9999078669 पर भेजें। 13.** उच्चतम घोषित बोली राशि पर उच्चतम बोली दाता द्वारा 1% का टीडीएस लागू और देय होगा। भुगतान उच्चतम बोलीदाता द्वारा मालिक/उधारकर्ता (ओं) के पैन में जमा करना आवश्यक है और चालान की प्रति हमारी कंपनी को प्रस्तुत की जाएगी। **14.** उपरोक्त विवरणों के लिए कृपया प्रदान की गई प्रत्याभूत ऋणदाता की वेबसाइट **https://surl.li/evsicw** का संदर्भ लें। **15.** कृपया इस लिंक पर भी जाएं : **https://www.tatacapital.com/property-disposal.html**

कृपया ध्यान दें: टीसीएचएफएल ने इस संपत्ति की बिक्री/नीलामी के लिए उल्लिखित नीलामी भागीदार के अलावा किसी दलाल / एजेंट को नहीं लगाया है। इच्छुक पक्षों को इस मामले में सभी प्रश्नों और जांच के लिए केवल अधोहस्ताक्षरी या अधिकृत कार्यालय से संपर्क करना चाहिए।

स्थान : इन्दौर | **ह/- (प्राधिकृत अधिकारी)**
दिनांक : 21-04-2025 | **टाटा कैपिटल हाउसिंग फाईनेंस लि.**

आज का इतिहास

- 1994 गोराडेज बोनसिया में जीते संकट पर सर्बियाई सेना की बमबारी के बाद 28 व्यक्ति छूट गए थे.
- 1994 पिकनिक को मापदंड थिएटर न्यूयॉर्क शहर में खोला गया था. यह 45 प्रदर्शनों के लिए था.
- 1996 न्यूयॉर्क के प्राइमाउथ थिएटर में डेरिकेट बोलेंस का उद्घाटन.
- 1997 केन्या के लैमेक ने 101 वां बास्टन मैराथन जीता.
- 2004 बसरा में मिसाइल हमले में 68 लोगों की मृत्यु.
- 2011 शंघाई में चीनी लॉरी चालकों द्वारा बढ़ती मुद्रास्फीति के खिलाफ विरोध जारी रखा.

अमेरिकी हवाई हमलों से यमन में तबाही

सना. यमन की राजधानी सना, इसके बाहरी इलाकों और अन्य प्रांतों पर ताजा अमेरिकी हवाई हमलों में कम से कम तीन लोग मारे गए और चार अन्य घायल हो गए. हूती द्वारा संचालित 'अल-मसीरा टीवी' ने स्वास्थ्य अधिकारियों का हवाला देते हुए शनिवार रात यह जानकारी दी. टेलीविजन के अनुसार अमेरिकी सेना ने सना और इसके पश्चिमी बाहरी इलाकों में 21 हवाई हमले किए, जिसमें दो की मौत हो गई.

IndusInd Bank

कॉर्पोरेट ऑफिस : इंडसइंड बैंक लिमिटेड, नं. 34, जी.एन. चेट्टी रोड़, चेन्नई-600017.
www.indusind.com फोन : 0442834600 28346301, फेक्स : 04428346312

तृतीय ई-नीलामी सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6)/9(1) के अंतर्गत अचल सुरक्षित परिसंपत्ति की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

इंडसइंड बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा आम जनता को तथा विशेष रुप से उधारकर्ता एवं सह-उधारकर्ता/जमानतदार को यह सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो सुरक्षित लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, जिसका भौतिक कब्जा इंडसइंड बैंक लिमिटेड के सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, 'जहां है जैसी है' और 'जो कुछ भी है' के आधार पर बेची जाएगी। खाते का विवरण निम्नानुसार है।

उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/जमानतदार का नाम	बकाया राशि दिनांक तक	13(2) मांग सूचना की दिनांक	आधिपत्य की दिनांक	संपत्ति का विवरण	संपत्ति हेतु आरक्षित मूल्य	संपत्ति हेतु अग्रिम जमा राशि	नीलामी की तिथी एवं समय
उधारकर्ता - श्री गोविन्द चावडा पिता अम्बाराम चावडा **सह-उधारकर्ता-** श्री अम्बाराम चावडा पिता मिश्रीलाल चावडा **ऋण खाता क्रं. III05016M**	**Rs.8,25,143.70/-** (रु. आठ लाख पच्चीस हजार एक सौ तिरयालीस एवं सत्तर पैसे मात्र) 17.09.2020 तक	**17.09.2020**	**30.10.2020**	**संपत्ति:** फ्लैट नंबर 101 सिद्धि अपार्टमेंट, प्लाट नं. 9, श्री राम कमल रेसीडेंसी, ग्राम नैनोद, तह.- इन्दौर, इंदौर 452001 **क्षेत्रफल** - 473 वर्ग फीट	**Rs. 5,26,500/-** (रुपये पांच लाख छब्बीस हजार पांच सौ मात्र)	**Rs. 52,650/-** (रुपये बावन हजार छः सौ पचास मात्र)	**06.05.2025 प्रात: 11 बजे से दोप. 2 बजे तक**

नियम एवं शर्तें:

1. बोली दस्तावेज, घोषणा, ऑनलाईन नीलामी बिक्री के सामान्य नियम एवं शर्तें सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी **https://www.indusind.com** या सेवा प्रदाता की वेबसाइट यानी **https://www.bankeauctions.com** पर उपलब्ध हैं।
2. **बोलीदाता को निविदा दस्तावेज जमा करने के साथ ही उसके साथ आरक्षित मूल्य की 10% राशि भी जमा करनी होगी।** बैंक ने आरक्षित मूल्य एवं नीचे उल्लिखित बयाना राशि (ईएमडी) तय कर दी है, इसे **इंडसइंड बैंक लिमिटेड** के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से जमा किया जाएगा। **संपर्क व्यक्ति: रिषी तोमर - 9043974534**
3. **सफल बोलीदाता** बिक्री मूल्य का 25% (बोली के साथ पहले से भुगतान की गई 10% राशि घटाकर) का भुगतान और जमा करेगा, यानी खरीदार को ई-नीलामी की तिथि पर बिक्री की पुष्टिहोने पर या अगले कार्य दिवस में शेष 15% का भुगतान करना होगा। इसके बाद बिक्री मूल्य की 75% शेष राशि सरफेसी अधिनियम के अनुसार बिक्री पुष्टिपत्र की तारीख से **15 दिनों** के भीतर जमा करना आवश्यक है।
4. प्राधिकृत अधिकारी को बिना कोई कारण बताए किसी भी बोली को स्वीकार या अस्वीकार करने या बिक्री प्रक्रिया को स्थगित करने का पूर्ण अधिकार है।

दिनांक : 21.04.2025 | **ह/- प्राधिकृत अधिकारी**
स्थान : इन्दौर (म.प्र.) | **इंडसइंड बैंक लिमिटेड**

IndusInd Bank

कॉर्पोरेट ऑफिस : इंडसइंड बैंक लिमिटेड, नं. 34, जी.एन. चेट्टी रोड़, चेन्नई-600017.
www.indusind.com फोन : 0442834600 28346301, फेक्स : 04428346312

तृतीय ई-नीलामी सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6)/9(1) के अंतर्गत अचल सुरक्षित परिसंपत्ति की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

इंडसइंड बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा आम जनता को तथा विशेष रुप से उधारकर्ता एवं सह-उधारकर्ता/जमानतदार को यह सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो सुरक्षित लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, जिसका भौतिक कब्जा इंडसइंड बैंक लिमिटेड के सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, 'जहां है जैसी है' और 'जो कुछ भी है' के आधार पर बेची जाएगी। खाते का विवरण निम्नानुसार है।

उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/जमानतदार का नाम	बकाया राशि दिनांक तक	13(2) मांग सूचना की दिनांक	आधिपत्य की दिनांक	संपत्ति का विवरण	संपत्ति हेतु आरक्षित मूल्य	संपत्ति हेतु अग्रिम जमा राशि	नीलामी की तिथी एवं समय
उधारकर्ता - श्री लोकेश शिंदे पिता दिलीप शिंदे **सह-उधारकर्ता-** श्रीमती हंसा पति दिलीप शिंदे **जमानतदार -** श्री हनुमान सिंह पिता रामसिंह **ऋण खाता क्रं. IAC05006M AND IAC05007M**	**Rs.6,98,514/-** (रुपये छः लाख अंठानवे हजार पांच सौ चौदह मात्र) 14.08.2020 तक	**14.08.2020**	**25.09.2020**	**संपत्ति:** फ्लैट नंबर 120, पहली मंजिल, सिद्धि अपार्टमेंट श्री राम कमल रेसीडेंसी प्लॉट नंबर 9, नैनोद इंदौर 452002 **क्षेत्रफल** - 378 वर्ग फीट	**Rs. 4,05,000/-** (रुपये चार लाख पाँच हजार मात्र)	**Rs. 40,500/-** (रुपये चालिस हजार पाँच सौ मात्र)	**06.05.2025 प्रात: 11 बजे से दोप. 2 बजे तक**

नियम एवं शर्तें:

1. बोली दस्तावेज, घोषणा, ऑनलाईन नीलामी बिक्री के सामान्य नियम एवं शर्तें सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी **https://www.indusind.com** या सेवा प्रदाता की वेबसाइट यानी **https://www.bankeauctions.com** पर उपलब्ध हैं।
2. **बोलीदाता को निविदा दस्तावेज जमा करने के साथ ही उसके साथ आरक्षित मूल्य की 10% राशि भी जमा करनी होगी।** बैंक ने आरक्षित मूल्य एवं नीचे उल्लिखित बयाना राशि (ईएमडी) तय कर दी है, इसे **इंडसइंड बैंक लिमिटेड** के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से जमा किया जाएगा। **संपर्क व्यक्ति: रिषी तोमर - 9043